BSES

चोरी की बिजली पूरी बस्ती में सप्लाई करने वाला सलाखों के पीछे

- **552** किलोवॉट की बिजली चोरी कर रहा था, **95** लाख का जुर्माना
- बस्ती वालों से हर माह वसूलता था पैसे
- गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम के साथ हाथापाई

नई दिल्ली, **30** नवंबर, **2007**। इस बार एक ऐसे व्यक्ति को सलाखों के पीछे भेजा गया है, जो एक–दो घरों को नहीं, बल्कि पूरी बस्ती को अवैध तरीके से, चोरी की बिजली सप्लाई कर रहा था। वह बीएसईएस के लो टेंशन एमपी बॉक्स से **552** किलोवॉट बिजली की चोरी कर, उसे कुल **229** घरों को सप्लाई कर रहा था। वह बस्ती वालों से हर माह बिल के तौर पर पैसे भी वसूलता था। वेलकम इलाके में स्थित जनता मजदूर कॉलोनी को अवैध तरीके से चोरी की बिजली सप्लाई करने वाले मुन्ना भाई बत्ती वाला पर बीएसईएस ने करीब **95** लाख रूपये का जुर्माना किया था।

मुन्ना भाई के यहां बीएसईएस एन्फोर्समेंट टीम का छापा पड़ा, जिसमें उसे भारी पैमाने पर चोरी की बिजली, पूरी बस्ती में सप्लाई करते हुए पकड़ा गया। सबूतों की कोई कमी न, इसके लिए एन्फोर्समेंट टीम ने छापेमारी के दौरान फोटोग्राफी भी की।

छापेमारी के बाद बीएसईएस ने बिजली कानून के हिसाब से मुन्ना भाई पर करीब **95** लाख रूपये का जुर्माना किया, जिसका उसने तय समयसीमा के अंदर भुगतान नहीं किया। इसके बाद कंपनी ने वेलकम पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई। एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस टीम जब मुन्ना भाई को गिरफ्तार करने गई, तो पुलिसकर्मियों के साथ उसने और उसके परिवार वालों ने हाथापाई भी की।

लेकिन तमाम विरोध के बावजूद पुलिस उसे गिरफ्तार करने में कामयाब हो गई। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने मुन्ना भाई को स्पेशल कोर्ट में पेश किया, जहां से जज ने उसे **14** दिनों की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल भेज दिया।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनी बीएसईएस अपने उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: प्रशान्त दुआ
कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस– **39999870/ 9312007822**

चंद्र पी कामत
कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस– **39999088/ 9350130304**